

# एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय

## एक आत्म चित्र

जून 2017



HELLENIC REPUBLIC
**National and Kapodistrian University of Athens**
EST. 1837

# विषय


| | |
|---|---|
| दृष्टि | 3 |
| मिशन और नीतियाँ | 3 |
| महत्वपूर्ण लक्ष्य | 4 |
| विश्वविद्यालय - एक नज़र में | 4 |
| प्रशासनिक और अकादमिक संरचना | 7 |
| अवलोकन – ऐतिहासिक पृष्ठभूमि | 12 |
| अध्ययन कार्यक्रम, सुविधाएं एवं सेवाएं | 17 |
| सार्वजनिक और अंतर्राष्ट्रीय संबंध | 33 |
| अनुसंधान और नूतन प्रयोग | 39 |

डॉ दिमीत्रियोस वसिलियादिस, डॉ रेखा के. राणा और श्री सुभाशीष चक्रवर्ती द्वारा हिंदी में अनुदित

# दृष्टि

एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय (ए०रा०क०वि०) उच्च शिक्षा पर केंद्रित एक अनुसंधान उन्मुख राजकीय विश्वविद्यालय है जो विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक क्षेत्रों को समाविष्ट करता है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य शिक्षा में उत्कृष्टता और अनुसंधान में नवीनता के साथ विद्वतापूर्ण और अन्य रचनात्मक प्रयासों को बढ़ावा देने के साथ ही तथा स्थानीय, राष्ट्रीय तथा वैश्विक समुदायों के साथ सक्रियता से जुड़ने की है।

# मिशन और नीतियाँ

एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय का मूल मिशन ज्ञान में वृद्धि करना और छात्रों को विज्ञान व कला के क्षेत्र में शिक्षित करना है ताकि इक्कीसवीं सदी में राष्ट्र और समुदाय की संवृद्धि हो सके। हमारे अनुसंधानकर्ता और संकाय सभी शैक्षिक इकाइयों में नवीनता के लिए प्रयास करते हैं। ए०रा०क०वि० समुदाय के प्रत्येक सदस्य में हम उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता तथा विकास करना चाहते हैं। साथ ही उनमें यह योग्यता भी विकसित करना चाहते हैं जिससे कि वे आलोचनात्मक ढंग से सोच सकें और अनुसंधान व नवीनतम प्रयोगों को समाविष्ट कर सकें।

हमारी शैक्षणिक समुदाय के प्रत्येक सदस्य पढ़ाई के वातावरण और कार्य पद्धति में किसी भी प्रकार के भेदभाव, उत्पीड़न और यौन दुराचार से मुक्त हैं। विश्वविद्यालय की नीतियाँ और ग्रीक और अंतर्राष्ट्ररीय कानूनों को पालन के तहत, सुविधाओं, अधिकारों और जिम्मेदारियाँ सभी को समान रूप से प्राप्त हैं।

# महत्वपूर्ण लक्ष्य

विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक बाह्य रुपरेखा तथा स्थापित परम्पराओं के अनुसार इसके सदस्य अपने लक्ष्यों और प्राथमिकताओं को निर्धारित करते हैं। हम सार्वजनिक नीति बनाने में विभिन्न पक्ष की दृष्टि महत्वपूर्ण योगदान को सुनिश्चित करने के लिए, ज्ञान उत्पन्न करने और साझा करने की कामना करते हैं। हम अपने विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीयकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपने हितधारकों के प्रति स्पष्टता रखते हैं। हम अन्य संस्थाओं और संगठनों,राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय, के साथ प्रभावी ढंग से काम करने का प्रयास करते हैं जब कभी इस तरह की भागीदारी शोध और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन की तरफ ले जाती है तब वह स्कूलों और विभागों के साथ सहयोग की संरचना को भी बढ़ाती है।

हम विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के विशिष्ट लक्ष्यों को उच्च शिक्षा के लिए गुणवत्ता मानदंडों के अनुसार निर्धारित करते हैं। विशेष रूप से, संकाय के शिक्षक और कर्मचारी व्यवस्थित रूप से छात्रों के बौद्धिक, पेशेवर, सामाजिक और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देते हैं। हमारे संकाय आधुनिक स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षा के माध्यम से गुणवत्ता विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वे अनुसंधान में उच्चतम मानकों को लागू करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। शोध में गुणवत्ता और नए प्रयोगों को पेशेवर संगठनों के मानदंड के अनुरूप हम ढालते हैं इससे हमारे शोध और नूतन प्रयोगों की जांच भी हो जाती है साथ ही इस क्षेत्र में लगातार गुणवत्ता विकसित करते जाते हैं।

# विश्वविद्यालय - एक नज़र में

### इतिहास और प्रतिष्ठा

एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय मूल नाम “ऑथोनियन विश्वविद्यालय” के तहत सन् 1837 में उद्घाटन किया गया और आधुनिक ग्रीक राज्य का सबसे पुराना संस्थान रहा है तथा यह बाल्कन और पूर्वी भूमध्यसागर क्षेत्र में पहला विश्वविद्यालय। सन् 1932 में उसे शिक्षा, अनुसन्धान और धार्मिक मामलों के तत्वावधान में सार्वजनिक स्वयंशासित सार्वजनिक इकाई के रूप में “एथेन्स राष्ट्रीय एवं कोपोडिस्ट्रियन विश्वविद्यालय” का नाम दिया गया।

## आंकड़ों में स्कूल, विभाग और सेवाएं

- स्कूल: 8
- संबंधित डिग्री वितरित करने वाले विभाग: 33
  - स्नातक कार्यक्रम : 33
  - स्नातकोत्तर कार्यक्रम: 136
- विश्वविद्यालय अनुसंधान संस्थान: 5
- विश्वविद्यालय चिकित्सालय: 2
- स्वास्थ्य विज्ञान विद्यालय के तत्वावधान में विभाग: 76
- विश्वविद्यालय प्रयोगशालाएं: 210
- पुस्तकालय: 8 स्कूल पुस्तकालय और विश्वविद्यालय क्लब से संबंधित 2 पुस्तकालय
- संग्रहालय: एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय का इतिहास संग्रहालय, विश्वविद्यालय का ऐतिहासिक अभिलेखागार और 13 विषयगत संग्रहालय।


## संकाय और कर्मचारी

- प्राध्यापक (सभी श्रेणी) और अन्य शिक्षण कर्मचारी: 2,104
- प्रशासनिक कर्मचारी: 1,087

(कुल: 3,191)

## छात्र:

- स्नातक छात्र  (अंडर ग्रेजुएट्स): 39,088
- स्नातकोत्तर छात्र (मास्टर): 11,479
- शोध छात्र (पीएचडी): 14,240
- अंतर्राष्ट्रीय छात्र: 5,654



# प्रशासनिक और शैक्षिक संरचना

## I. कुलाधिसचिव और उपकुलाधिसचिव

**कुलाधिसचिव**
प्राध्यापक मेलेतियोस-अथनासियोस डिमोपुलोस
30 पनेपिष्टिमीयु मार्ग, 10679 एथेंस
टेलीफोन: +30 210 3689770, -9771
फैक्स: +30 210 3689717
ई-मेल: rector@uoa.gr

**प्रशासनिक मामलों के उपकुलाधिसचिव**
प्राध्यापक नपोलेयोन मरवेगियस
30 पनेपिष्टिमीयु मार्ग, 10679 एथेंस
टेलीफोन: +30 210 3689776
फैक्स: +30 210 3689782
ई-मेल: vrec-admin@uoa.gr

**अनुसंधान और विकास के उपकुलाधिसचिव**
प्राध्यापक थोमास स्फिकोपुलोस
30 पनेपिष्टिमीयु मार्ग, 10679 एथेंस
टेलीफोन: +30 210 3689772
फैक्स: +30 210 3689711
ई-मेल: vrec-rd@uoa.gr

**शैक्षिक और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के उपकुलाधिसचिव**
प्राध्यापक कोण्स्टंटीनोस बुर्सेलिस
30 पनेपिष्टिमीयु मार्ग, 10679 एथेंस
टेलीफोन: +30 210 3689766
फैक्स: +30 210 3689661
ई-मेल: vrec-acafir@uoa.gr

**वित्त के उपकुलाधिसचिव**
प्राध्यापक निकोलओस मिलोनास
30 पनेपिष्टिमीयु मार्ग, 10679 एथेंस
टेलीफोन: +30 210 3689760
फैक्स: +30 210 3689711
ई-मेल: vrec-fin@uoa.gr

**छात्रों की सहायता सेवाओं के उपकुलाधिसचिव**
प्राध्यापक ग़ेओर्ग़ियोस पोलिमेनेयस
30 पनेपिष्टिमीयु मार्ग, 10679 एथेंस
टेलीफोन: +30 210 3689779
फैक्स: +30 210 3689741
ई-मेल: vrec-students@uoa.gr

**स्वास्थ्य और सामाजिक नीति के मुद्दों के उपकुलाधिसचिव**
प्राध्यापक ग़ेओर्ग़ियोस् ज़ोग्राफ़ोस्
30 पनेपिष्टिमीयु मार्ग, 10679 एथेंस
टेलीफोन: +30 210 3689773
फैक्स: +30 210 3689741
ई-मेल: vrec-hospitalsgz@uoa.gr

## II. विश्वविद्यालय परिषद

**अध्यक्ष**
प्राध्यापक ग़ेओर्ग़ियोस चोकोस, हार्वर्ड विश्वविद्यालय
30 पनेपिष्टिमीयु मार्ग, 10679 एथेंस
टेलीफोन: +30 210 3689724 / -9744
फैक्स: +30 210 3689700
ई-मेल: council@uoa.gr

## III. प्रबंधकारिणी समिति

प्रबंधकारिणी समिति (सीनेट) में कुलसचिव, 8 संकायों के प्रमुख और विभागाध्यक्ष शामिल हैं - प्रत्येक संकाय से अधिकतम दो, साथ ही अधिकतम दो साल तक गैर-नवीनीकरण तय समय सीमा के साथ। सभी उप मुख्याधिष्ठाता भी सम्मिलित होते हैं।

## IV. स्कूल और विभाग

**धर्म विज्ञान संकाय** (http://deantheol.uoa.gr)
संकाय-प्रमुख: प्राध्यापक अपोस्टोलोस निकोलईडिस

**धर्मशास्त्र विभाग** (http://en.theol.uoa.gr/)
अध्यक्ष: एसोसिएट प्राध्यापक थोमास इओअनीडिस
**सामाजिक धर्मशास्त्र विभाग** (http://www.soctheol.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक सोतिरियोस डेस्पोटिस

**विधि संकाय** (http://en.law.uoa.gr)
संकाय-प्रमुख: प्राध्यापक डियोनिसीया कल्लिनीकु

**अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान संकाय** (http://deaneconpol.uoa.gr)
संकाय-प्रमुख: प्राध्यापक मिहालिस स्पुर्डलाकिस

**राजनीति विज्ञान और लोक प्रशासन विभाग** (http://en.pspa.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक ह्रीष्टोस लिरिन्जीस
**अर्थशास्त्र विभाग** (http://en.econ.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक निकोलओस इरियोटिस
**संचार और मीडिया स्टडीज विभाग** (http://en.media.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक डिमीट्रियोस–स्तमाटियोस हरलांबिस
**तुर्की अध्ययन और आधुनिक एशियाई अध्ययन विभाग** (http://en.turkmas.uoa.gr)
अध्यक्ष: प्राध्यापक इओआन्निस माज़िस

**दर्शन विज्ञान संकाय** (http://en.deanphil.uoa.gr/)
संकाय-प्रमुख: प्राध्यापक एलेनि करमलेंगु

**भाषाशास्त्र विभाग** (http://en.phil.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक अम्फिलोहियोस पपथोमास
**इतिहास और पुरातत्व विभाग** (http://en.arch.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक पनगियोटिस वेलवानिस
**दर्शनशास्त्र, शिक्षण और मनोविज्ञान विभाग** (http://en.ppp.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक मरीया-ज़ोई फुडोपूलु

**मनोविज्ञान विभाग** (http://en.psych.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक ह्रिसी हत्ज़िह्रीष्टु
**अंग्रेज़ी भाषा और साहित्य विभाग** (http://en.enl.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक एवंगेलीया सकेल्लीउ-शुल्त्ज़
**फ्रेंच भाषा और साहित्य विभाग** (http://fr.frl.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक मरीया पपदीमा
**जर्मन भाषा और साहित्य विभाग** (http://en.gs.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक अनष्टसीया अण्टोनोपूलु
**इतालवी भाषा और साहित्य विभाग** (http://en.ill.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक ग़ेओर्ग़ियोस मिक्रोस
**स्पेनिश भाषा और साहित्य विभाग** (http://en.spanll.uoa.gr/)
अध्यक्ष: एसोसिएट प्राध्यापक डिमीट्रियोस ड्रोसोस
**संगीत अध्ययन विभाग** (http://en.music.uoa.gr/the-department.html)
अध्यक्ष: प्राध्यापक अहिलेय़स हल्डेआकिस
**नाट्य अध्ययन विभाग** (http://en.theatre.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक अन्ना तम्बाकि
**रूसी भाषा और साहित्य एवं स्लाव अध्ययन विभाग** (http://en.slavstud.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक एलेनि स्तेर्योपूलु

**विज्ञान संकाय** (http://deansos.uoa.gr/)
संकाय-प्रमुख: प्राध्यापक कोष्टस वरोचोस

**भौतिकी विज्ञान विभाग** (http://en.phys.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक निकोलओस टेट्राडिस
**रसायन विज्ञान विभाग** (http://www.chem.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक ग़ेओर्ग़ियोस-इसीडोरोस कोकोटोस
**गणित विभाग** (http://noether.math.uoa.gr/?set_language=en)
अध्यक्ष: प्राध्यापक अपोस्टोलोस बुर्नेटस
**जीव विज्ञान विभाग** (http://en.biol.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक किरियाकोस ग़ेओर्ग़ीउ
**भूविज्ञान और भू-पर्यावरण विभाग** (http://www.geol.uoa.gr/index.php/en)
अध्यक्ष: प्राध्यापक निकोलओस वूल्ग़ारिस
**सूचना विज्ञान और दूरसंचार विभाग** (http://www.di.uoa.gr/eng)

अध्यक्ष: प्राध्यापक अंटोनिस पस्हालिस
**इतिहास और विज्ञान के दर्शन विभाग** (http://en.phs.uoa.gr/)
अध्यक्ष: प्राध्यापक जीन ह्रिष्टियनीडिस

## स्वास्थ्य विज्ञान संकाय

संकाय-प्रमुख: प्राध्यापक एफ़्ष्ट्रटियोस पचूरिस

**औषधि विभाग** (http://school.med.uoa.gr/en/) अध्यक्ष: प्राध्यापक पेट्रोस स्फ़िकाकिस
**दंत चिकित्सा विभाग** (http://en.dent.uoa.gr/) अध्यक्ष: प्राध्यापक ग़ेओर्ग़ियोस इलियाडिस
**औषधालय विभाग** (http://en.pharm.uoa.gr/) अध्यक्ष: प्राध्यापक पनग़ियोटिस मराकोस
**नर्सिंग विभाग** (http://en.nurs.uoa.gr/) अध्यक्ष: प्राध्यापक ह्रिसूल लेमोनीडु


## शिक्षा संकाय (http://www.deanedc.uoa.gr)

संकाय-प्रमुख: प्राध्यापक थालिय ड्रगोन

**प्राथमिक शिक्षा विभाग** (http://www.primedu.uoa.gr/english.html)
अध्यक्ष: एसोसिएट प्राध्यापक थोमास बाबलिस
**शिशु शिक्षा विभाग** (http://www.ecd.uoa.gr/?lang=en)
अध्यक्ष: प्राध्यापक थालिय ड्रगोन (कार्यकारी अध्यक्ष, सीनेट के फैसले द्वारा)

## शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान संकाय (http://en.phed.uoa.gr)

संकाय-प्रमुख: प्राध्यापक निकोलओस गेलदास



विद्यार्थी का अध्ययनकक्ष 1933

# 1. अवलोकन – ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय एक सार्वजनिक विश्वविद्यालय है जो कि एथेंस, ग्रीस में स्थित है। यह आधुनिक यूनानी राज्य का सबसे पुराना उच्च शिक्षा का संस्थान तथा बाल्कन और पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र का पहला विश्वविद्यालय है। विश्वविद्यालय की स्थापना 22 अप्रैल 1837 में राजकीय आदेश द्वारा की गयी थी। इसके संस्थापक ओट्टो ऑफ बावरिया (यूनानी, "ओथन"), आधुनिक ग्रीस के पहले राजा के सम्मान में "ओथोनियन विश्वविद्यालय" का नाम दिया गया था।

प्रारंभ में, इसमें चार स्कूल शामिल थे, धर्मशास्त्र, कानून, चिकित्सा और "दर्शनशास्त्र और अन्य मौलिक अध्ययन" का विद्यालय (जिसमें अनुप्रयुक्त विज्ञान और गणित शामिल थे)। पहले वर्ष के दौरान, संस्थान में 33 प्राध्यापक थे, जबकि पाठ्यक्रम में 52 छात्र और 75 गैर-मैट्रिक "लेखा परीक्षक" भाग लिये।

इसकी पहली पीठ एक्रोपोलिस पहाड़ी की उत्तरी ढलान पर एक नव-शास्त्रीय भवन में था, मूल रूप से यह आर्किटेक्ट स्तमातियोस क्लेयान्थिस और एडवर्ड स्हउबेर्ट का निवासस्थान था (लेकिन वर्तमान में यह एथेंस राष्ट्रीय

एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय के इतिहास संग्रहालय का परिसर है)। यह एकमात्र विश्वविद्यालय नव स्थापित आधुनिक यूनानी राज्य में, साथ ही बाल्कन और पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र में था। इसकी भूमिका, ऐतिहासिक और सामाजिक रूप से निर्णायक, ज्ञान के उत्पादन और देश और उससे आगे के सांस्कृतिक जीवन को बढ़ावा देने के लिए रही है।

नवंबर 1841 में, डैनिश आर्किटेक्ट क्रिश्चियन हैनसेन द्वारा रचना की गई एक इमारत में विश्वविद्यालय पुनर्स्थापित किया गया। इसका सामने वाला खंड जो “प्रोपीलेय” के रूप में भी जाना जाता है, 1842-1843 में पूरा हुआ। इमारत चित्रकार कार्ल रहल के द्वारा सजायी गयी थी, जिससे वह ग्रीस के राष्ट्रीय पुस्तकालय और एथेंस अकादमी की इमारतों के साथ, एथेंस के प्रसिद्ध नवशास्त्रीय “त्रीस्थापत्य” है। आजकल यह ऐतिहासिक इमारत मुख्य रूप से प्रशासनिक और औपचारिक प्रयोजनों के लिए इस्तेमाल की जाती है। राजा ‘ओटो’ को देश छोड़ने के लिए मजबूर होने के बाद 1862 में, ओथोनियन विश्वविद्यालय को पुनः “राष्ट्रीय विश्वविद्यालय” का नाम दिया गया था।

महत्वपूर्ण दाता इओआनिस डोंबोलिस की इच्छा के अनुसार, एक कानून 17 जुलाई, 1911 को जारी किया गया था, जिसके तहत “कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय” को स्थापित किया गया (इओआनिस कपोडीष्ट्रियस, स्वतंत्र आधुनिक ग्रीक राज्य के पहले प्रमुख थे)। इस प्रकार विश्वविद्यालय, 1911 से 1932 तक, कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय (मानविकी विभाग) और राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (विज्ञान विभागों) में बँट गया था। 1932 में, “राष्ट्रीय विश्वविद्यालय” और “कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय” औपचारिक रूप से (कानून 5343/1932) संयुक्त हुए। अब “एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय”, एक पूरी तरह से स्वाधीन सार्वजनिक कानून की इकाई बन गई हैं।

20वीं शताब्दी की शुरुआत तक, ए०रा०क०वि० ही ग्रीस में एकमात्र विश्वविद्यालय था, जहाँ चिकित्सा, प्राकृतिक और सामाजिक विज्ञान, कानून और अर्थव्यवस्था, धर्मशास्त्र, साहित्य, इतिहास और पुरातत्व में उपाधि की प्रदान करती थी।

अपने इतिहास के दौरान हमारे कई छात्रों और संकाय सदस्यों ने अनुसंधान, नवाचार, चिकित्सा, साहित्य और विज्ञान के लगभग सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग़ेओर्ग़ियोस पपनिकोलाउ, हेलेन ग्लिकजी-अह्लवेइलेर और कोण्ष्टंटीनोस करथेओडोरी का उल्लेखनीय योगदान है। हमें साहित्य में दो नोबेल पुरस्कार विजेताओं ओडिसेयस एलीटिस और ग़ेओर्ग़ियोस सेफ़ेरिस जिन्होंने ए०रा०क०वि० में अध्ययन किया है , उन पर गर्व है और निकोस कजंजाकिस जिन्हें 9 वर्षों तक लगातार साहित्य में नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय की बाह्य रुपरेखा नवीन चुनौतियों का सामना करने के लिए, स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों को उन्नयन करने व छात्रों और व्यापक समुदाय को प्रदान की गई सेवाओं की वृद्धि हो रही है। अनुसंधान, नवाचार और नागरिकों के लिए देखभाल के बारे में, ए०रा०क०वि० का ग्रीक लोगों के स्वास्थ्य के प्रति महत्वपूर्ण योगदान है।

## विशेष रूप से प्रदर्शित इतिहास

ए०रा०क०वि० की स्थापना के बाद से, ग्रीस के अधिकतर प्रधानमंत्री, गणराज्य के राष्ट्रपति, साथ ही मंत्रियों और सर्वोच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की एक महत्वपूर्ण संख्या एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र या प्राध्यापकों की ही रही है।

कला और विज्ञान में ज्ञान की प्रगति के लिए, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों का सम्मान करने के लिए, सन् 1860 से, हमारे विश्वविद्यालय द्वारा एक बड़ी संख्या में “होनॉरिस कौसा” माननीय डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है।

नोबेल पुरस्कार प्राप्त निम्नलिखित विद्वानों को विश्वविद्यालय ने “होनॉरिस कौसा” माननीय उपाधी दी, हमें विशेष रूप से उनका उल्लेख करना चाहिए:

**नोबेल पुरस्कार:**

- जॉन नैश (अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार)
- एडवर्ड प्रेस्कॉट (अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार)
- हैरी मार्कवित्ज (अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार)
- पीटर एग्रे (रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार)
- जीन-मैरी लेहन (रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार)
- फ़्राँस्वा याकूब (फिजियोलॉजी या मेडिसिन में नोबेल पुरस्कार)
- लुइस जे इग्नर्रो (फिजियोलॉजी या मेडिसिन में नोबेल पुरस्कार)
- हेराल्ड जुर हौसेन (फिजियोलॉजी या मेडिसिन में नोबेल पुरस्कार)
- डेरेक वाल्कोट (साहित्य में नोबेल पुरस्कार)
- ओडिसेयस एलीटिस (साहित्य में नोबेल पुरस्कार)
- जोसेफ़ सिफ़ाकिस (ट्यूरिंग पुरस्कार, जिसे “सूचना विज्ञान में नोबेल पुरस्कार” माना जाता है)

विज्ञान की प्रगति के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित विद्वानों को, ए०रा०क०वि० से निम्नलिखित को “होनॉरिस कौसा” माननीय डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया है :

- पियरे पॉल एमिल रॉक्स (1912)
- चार्ल्स एमिल पिकार्ड (1937)
- मैक्स प्लैंक (1937)
- सर अलेक्जेंडर फ्लेमिंग (1946)
- ग़ेओर्ग़ियोस पपनिकोलाउ (1949)
- निकोलस नेग्रोपोंटे (1999)
- रूडोल्फ एमिल कल्मन (2003)



साहित्य, संस्कृति, राजनीति और धार्मिक मामलों के क्षेत्र में भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध व्यक्तियों को “होनॉरिस कौसा” माननीय डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया है:

## साहित्यिक व्यक्तित्व

- जोसेफ रुदयार्ड किपलिंग (1924)
- जॉन रिट्सोस (1987)
- अंबर्टो इको (1995)
- इत्रम नोम चॉम्स्की (2004)
- पीटर स्टीन (2004)
- मार्गरेट एटवुड (2013)
- हेलेन ग्लिकजी-अह्ववेइलेर (2014)

## राजनीतिक हस्तियाँ (विदेशी)

• लेऑन गैम्बेटा (1870)
• जार्ज क्लेमेन्सौ (1912)
• वुडरो विल्सन (1918)
• ज. विलियम फुलब्राइट (1978)
• जाक डेलर्स (1992)
• ग्लाफ़कोस क्लिरीडिस (1996)
• रोमन हर्ज़ोग (1997)
• व्लादिमीर पुतिन (2001)
• जैक्स लैंग (2001)
• गिउलिआनो अमाटो (2001)
• वक्लव क्लाउस (2006)
• हेल्मुट श्मिट (2014)
• फेरेन्क माड्ल (2014)
• फ़्राँस्वा होलांड (2015)
• निकोस अनष्टसीआडिस (2016)
• पियेर मोस्कोविसी (2017)

## धार्मिक व्यक्तित्व

एथेंस मेट्रोपोलिटन, प्रोकोपियोस (1882)
कॉन्स्टेंटिनोपल के आर्कबिशप, न्यू रोम और दुनियावी पैट्रिआर्क, बेंजामिन (1937)
नोवा जस्टिनियाना और सभी साइप्रस के आर्कबिशप, मकारियोस (1957)
स्विट्जरलैंड के मेट्रोपोलिटन, दमस्किनोस (1990)
मॉस्को और सभी रूस के पैट्रिआर्क, एलेक्सियोस द्वितीय (1992)
तिराना, ड्यूरेस और सभी अल्बानिया के आर्कबिशप, अनष्टासियोस (1998)
कॉन्स्टेंटिनोपल के आर्कबिशप, न्यू रोम और दुनियावी पैट्रिआर्क, बर्थोलोमेओस (1999)
अमेरिका के आर्कबिशप, डिमीट्रियोस (2005)
कैंटरबरी के आर्कबिशप, रोवन विलियम्स (2010)
एथेंस आर्कबिशप और सभी ग्रीस, इएरोनिमोस द्वितीय (2010)
अलेक्जेंड्रिया और अखिल अफ्रीका के पोप और पैट्रिआर्क, थेयोडोरोस द्वितीय (2012)

# 2. अध्ययन कार्यक्रम, सुविधाएँ एवं सेवाएँ



## 2.1. ए०रा०क०वि० में अध्ययन

ए०रा०क०वि० का उद्देश्य शिक्षणार्थियों के व्यापक संभव समुदाय को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए और दुनिया को समृद्ध करने के लिए एक उच्च गुणवत्ता, प्रासंगिक शिक्षा प्रदान करना है। सभी संकाय और विभाग अपने शैक्षिक और अनुसैंधानिक मिशन के लिए प्रतिबद्ध हैं और प्रत्येक शैक्षणिक समुदाय के सदस्य के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

### 2.1.1. स्नातक की पढ़ाई

धर्मशास्त्र, कानून, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, विज्ञान, स्वास्थ्य विज्ञान, शिक्षा, शारीरिक शिक्षा विज्ञान और खेल विज्ञान जैसे आठ (8) स्कूलों (संकायों) और तैंतीस (33) विभागों को जोड़ कर ए०रा०क०वि० में शिक्षण तथा शोध कार्य चलता है। प्रत्येक विभाग स्नातक की डिग्री प्रदान करता है।
सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के लिए ग्रीक कानून की प्रावधानों के अनुसार छात्रों को विभाग स्वीकार करता है।

स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के लिए एक छात्र के लिए क्रम में, अध्ययन के कम से कम आठ (8) सेमेस्टर कानूनन आवश्यक हैं। विभागों में अध्ययन की अवधि दस (10) सेमेस्टर है और मेडिसिन में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के लिए बारह (12) सेमेस्टर की एक अध्ययन अवधि अनिवार्य है। प्रत्येक विभाग द्वारा प्रस्तुत विषय अपने पाठ्यक्रम में वर्णित हैं, जिसे नई प्रौद्योगिकियों और मानकों को पूरा करने के लिए लगातार उन्नत किया जाता है। प्रत्येक पाठ्यक्रम की आवश्यकताओं के अनुसार छात्रों को विशिष्ट प्रयोगशाला प्रयोगात्मक पाठ्यक्रमों में भी भाग लेना पड़ सकता है साथ ही उन्हें व्यापक विषयगत विकल्प से कुछ पाठ्यक्रमों का चयन कार्यशालाओं, सेमिनारों, बाहरी गतिविधियों आदि में भाग लेने का अवसर भी मिल सकता है। प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए कई ईसीटीएस क्रेडिट और वारीरता प्रदान किये जाते हैं।

प्रत्येक विभाग की आवश्यकताओं के अनुसार व्युत्पन्न पाठ्यक्रम के क्रेडिट-भार औसत की गणना के बाद एक बैचलर की डिग्री प्राप्त की जाती है। ग्रेडिंग सिस्टम में निम्नलिखित श्रेणियाँ हैं: उत्कृष्ट (8.50 – 10.00), बहुत अच्छा (6.5 – 8.49), अच्छा (5.00 – 6.49) हैं।

### 2.1.2. स्नातकोत्तर अध्ययन

हमारा लक्ष्य है की स्नातकों को व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता मिले। हम उन्हें न केवल अत्यधिक रोजगार योग्य बनाने की कोशिश करते हैं बल्कि शैक्षिक शोधकर्ताओं और सामान्य रूप से समुदाय के साथ उनके सम्बन्ध सम्मानजनक और प्रभावशाली हों, ऐसा प्रयत्न करते हैं।
एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक क्षेत्रों और कलाओं को समाविष्ट करते हुए 136 प्रकार के परास्नातक कार्यक्रम को प्रदान करता है।

इनमें से चार स्नातकोत्तर कार्यक्रम निम्नलिखित प्रमुख अनुसंधान संस्थानों के तहत संचालित होते हैं:

• “एथेंस इंटरनेशनल न्यूरोसाइंसेज मास्टर प्रोग्राम”: फाउंडेशन बायोमेडिकल रिसर्च ऑफ अकादमी एथेंस (BRFAA), हेलेनिक पाश्चर इंस्टीट्यूट (HPI), बायोमेडिकल विज्ञान अनुसंधान केंद्र “अलेक्जेंडर फ्लेमिंग” / (BSRC फ्लेमिंग) और राष्ट्रिय वैज्ञानिक अनुसन्धान केंद्र (NCSR) “डिमोक्रिटोस” के सहयोग से (http://masterneuroscience.

biol.uoa.gr) प्रस्तुत किया जाता है।
• “माइक्रोइलेक्ट्रोनिक्स”: एथेंस राष्ट्रीय तकनीकल विश्वविद्यालय के संचार और कंप्यूटर सिस्टम संस्थान, उन्नत सामग्री संस्थान, भौतिक रसायनिक प्रक्रियाएं, “NCSR डिमोक्रिटोस” के माइक्रोसिस्टम्स और नैनोटेक्नोलॉजी (IAM-PPMN), और ग्रेनोबल प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से (http://cgi.di.uoa.gr/~vlsi/index.html) प्रस्तुत किया जाता है।
• “चिकित्सा और जीव विज्ञान में सूचना प्रौद्योगिकी”: एथेंस तकनीकी शैक्षिक संस्थान (TEI), एथेंस अकादमी के फाउंडेशन बायोमेडिकल अनुसंधान के लिए (BRFAA) और NCSR “डिमोक्रिटोस” की सूचना विज्ञान और दूरसंचार संस्थान के सहयोग से
(http://itmb.di.uoa.gr/indexEng.html) प्रस्तुत किया जाता है।
• “मेडिकल भौतिकी – रेडियेशन भौतिकी”: ग्रीक परमाणु ऊर्जा आयोग और NCSR “डिमोक्रिटोस” के सहयोग से (http://medphys.med.uoa.gr/) प्रस्तुत किया जाता है।

हमें अन्तर्राष्ट्रीय संयुक्त स्नातकोत्तर कार्यक्रमों का भी उल्लेख करना चाहिए, जिनमें से कुछ (ए०रा०क०वि० के प्रासंगिक स्कूल / विभाग इन कार्यक्रमों की पेशकश करते हुए) निम्नानुसार हैं:

• 11 सहायक विश्वविद्यालयों के साथ “क्लासिकल कल्चर में यूरोपीय मास्टर” (इतिहास एवं पुरातत्व विभाग)
• ग्रीक-फ्रेंच संयुक्त मास्टर: “विशेष सार्वजनिक कानून” (स्कूल ऑफ लॉ एंड यूनिवर्सिटी ऑफ़ मॉन्टेज़्यू-बोर्डेक्स IV)
• ग्रीक-फ्रेंच संयुक्त मास्टर: “यूरोप में विदेशी भाषा शिक्षण” (फ्रेंच भाषा एवं साहित्य विभाग और एन्जर्स विश्वविद्यालय)
• शिक्षा और मानवाधिकार में संयुक्त एम.ए. की डिग्री (प्रारंभिक शिशु शिक्षा विभाग और
शिक्षा संस्थान, यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन)
• इंटरनेशनल मास्टर प्रोग्राम “सोसाइटी, साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर यूरोपीय मास्टर प्रोग्राम”
13 पार्टनर विश्वविद्यालयों के साथ (इतिहास एवं विज्ञान दर्शन विभाग)
• स्नातकोत्तर कार्यक्रम “इंट्रावास्कुलर सर्जरी” (स्वास्थ्य विज्ञान संकाय और मिलानो-बिकोक्क विश्वविद्यालय)
• स्नातकोत्तर कार्यक्रम “क्लीनिकल न्यूरोफिज़ियोलॉजी” (स्वास्थ्य विज्ञान संकाय और मॉन्ट्रियल न्यूरोलॉजिकल संस्थान, मैकगिल विश्वविद्यालय)
• “गणित के सिद्धांत और क्रियाविधि” (गणित विभाग, इतिहास एवं विज्ञान के दर्शन विभाग, दर्शनशास्त्र विभाग, अध्यापनशास्त्र एवं मनोविज्ञान विभाग, और साइप्रस विश्वविद्यालय के सहयोग से)
• “स्कूल परामर्श और मार्गदर्शन” (प्राथमिक शिक्षा विभाग और साइप्रस विश्वविद्यालय)
इसके अलावा, निम्नलिखित स्नातकोत्तर कार्यक्रम अंग्रेजी में दिए जाते हैं:
• दक्षिणपूर्व यूरोपीय अध्ययन, 1999 से (http://www.see.pspa.uoa.gr)
• व्यवसाय प्रशासन कार्यक्रम में मास्टर प्रोग्राम आंतरिक अंकेक्षण में विशेषज्ञता के साथ प्रस्तुत किया जाता है शैक्षणिक वर्ष 2016-17 से (http://www.ddomo-ia.econ.uoa.gr)।
इसके अलावा, शैक्षणिक वर्ष 2017-18 से अंग्रेजी में पढ़ाए गए दो नए स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की  घोषणा की गई:

• ग्रीक और पूर्वी भूमध्यसागर क्षेत्र पुरातत्व में मास्टर प्रोग्राम (http://meditarch.arch.uoa.gr/site/meditarch)
• न्यूरोसाइंसेज में एथेंस इंटरनेशनल मास्टर प्रोग्राम (http://masterneuroscience.biol.uoa.gr)
अंत में, यह उल्लेखनीय है कि ऐ०रा०क०वी० ने विश्वविद्यालय के सभी अकादमिक क्षेत्रों में पी०एच०डी० शोध प्रबंध के सह-पर्यवेक्षण के लिए अट्ठाइस (28) यूरोपीय विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग करार स्थापित किये हैं।

### 2.1.3. पोस्ट डॉक्टरल अध्ययन और अनुसंधान

ए०रा०क०वि० अपने विभिन्न विभागों के अनुसंधान क्षेत्रों से संबंधित क्षेत्रों में पोस्ट-डॉक्टरेट अनुसंधान का आयोजन करने वाले वैज्ञानिकों के साथ सहयोग को बढ़ावा देता है। इस तरह का सहयोग मुख्य रूप से मेजबान विभाग के अनुसंधान और शिक्षण सदस्यों के एक या एक से अधिक सदस्यों द्वारा, वैज्ञानिक सामग्री और उपकरणों तक पहुंच बनाने या विशिष्ट शोध परियोजनाओं को निर्दिष्ट करने के लिए पोस्ट-डॉक्टरेट अनुसंधान पर्यवेक्षण या परामर्श सहायता प्रदान करने का उल्लेख करता है।

### 2.1.4. ग्रीष्मकालीन विद्यालय

कभी कभी गर्मियों के स्कूलों को रूचि विशेष क्षेत्रों में व्यवस्थित किया जाता है, जिनमे छात्रों ने बड़ी संख्या में रूचि दिखलाई है। उदाहरण के लिए, "सांस्कृतिक विरासत, प्रबंधन: पुरातत्व, वास्तुकला और शहरी नियोजन" – जो 2016 में, एथेंस, मराथोनस और केअ (किक्लाडेस, एजियन सागर) ग्रीष्मकालीन स्कूलों पर हुआ।

### 2.1.5. विशेष रूप से प्रदर्शित इतिहास - विशेष उपलब्धियां और पुरस्कार

ए०रा०क०वि० स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को उनके वैज्ञानिक क्षेत्र की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। उदाहरण के लिए, हाल ही में हमारे शैक्षणिक कर्मचारियों के मार्गदर्शन के साथ स्नातक और स्नातकोत्तर की टीमों ने भाग लिया है और उन्हें ओलम्पियाड व अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सम्मानित किया गया है जो निम्नानुसार है:

- लॉ स्कूल के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र अंतर्राष्ट्रीय कानून प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं और उन्हें विशेष उपलब्धि प्राप्त हुई है। (अ) विश्व व्यापार संगठन कानून पर ELSA मूट कोर्ट प्रतियोगिता (EMC2 - 2017)। ए०रा०क०वि० टीम को सर्वश्रेष्ठ लिखित प्रस्तुतिकरण के लिए सम्मानित किया गया था। उपलब्ध लिखित प्रस्तुतिकरण में सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया। (आ) ELSA मानवाधिकार मूट कोर्ट प्रतियोगिता (ए०रा०क०वि० टीम जीती 2015 में पहला), (इ) विश्व व्यापार संगठन कानून पर ELSA मूट कोर्ट प्रतियोगिता (ए०रा०क०वि० "बेस्ट लिखित रेस्पोंन्डेंट सबमिशन अवार्ड" पुरस्कार जीती), (ई) ए०रा०क०वि० टीम लगातार दो वर्षों (2015, 2016) के लिए मैनफ्रेड लक्स स्पेस लॉ मूट कोर्ट में यूरोपीय चैंपियन थी, (उ) 2015 और 2016 के लिए "विलियम सी. वीस इंटरनेशनल कमर्शियल आर्बिटेशन मूट" में भेदभाव आदि।






- ओलम्पियाड और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गणित विभाग से टीमें प्रति वर्ष भाग लेती है और उन्हें पदक भी प्राप्त होते हैं, उदाहरण के लिए: (अ) 2017 SEEMOUS (पूर्वी यूरोपीय गणित ओलम्पियाड), हमारे गणित छात्रों की टीम को तीन पदक प्रदान किए गए। (आ) 2016 SEEMOUS ओलम्पियाड में चार पदक दिए गए। (इ) 2015 IMC (अंतर्राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता) में चार पदक दिए गए, और (ई) 2016 IMC (अंतर्राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता) में पाँच पदकों से सम्मानित किया गया।
- NBG आई-बैंक # फ़िनटेक क्राउड हैकथॉन (2016) में, सूचना और दूरसंचार विभाग के छात्रों ने प्रथम पुरस्कार अर्जित की।
- नाटो-लोक नीति प्रभाग द्वारा आयोजित "21 वीं सदी में शांति व सुरक्षा - प्राप्त करने के लिए एक युवा परिप्रेक्ष्य" विषय के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इतिहास और पुरातत्व विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों को 2016 में पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## 2.2. सेवाएं और सुविधाएं

हम अपने स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए कई सुविधाएं और सहायता प्रदान करते हैं। कुछ सांकेतिक सेवाएं निम्नानुसार सूचीबद्ध हैं:

| परामर्श सेवाएं | समर्थन सेवाएं | अध्ययन और अवकाश सुविधाएं |
|---|---|---|
| छात्र लोकपाल | | 8 स्कूल पुस्तकालय और 2 पुस्तकालय विश्वविद्यालय क्लब में |
| मनोसामाजिक हस्तक्षेप इकाई | विकलांग छात्रों के लिए पहुंच-योग्यता इकाई | कंप्यूटर और मल्टीमीडिया केंद्र |
| सलाहकार कार्यालय - स्कूल ऑफ थियोलॉजी | छात्र सहायता फंड | विदेशी भाषा शिक्षण केंद्र |
| सलाहकार कार्यालय - प्राथमिक शिक्षा विभाग | स्टूडेंट्स निवास के हॉल | आधुनिक यूनानी भाषा शिक्षण केंद्र |
| सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र | छात्र भोजन सेवाएं | विश्वविद्यालय जिम और क्रीड़ा केंद्र |
| समवयस्क परामर्श केंद्र | छात्रवृत्ति - पुरस्कार | छात्र सांस्कृतिक समाज |

### आधुनिक यूनानी भाषा शिक्षण केंद्र (http://en.greekcourses.uoa.gr)

एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय  का आधुनिक यूनानी भाषा शिक्षण केंद्र 1950 के दशक से काम कर रहा है, यह छात्रों की एक बहुत ही सीमित संख्या से शुरू हुआ था। समयानुकूल, छात्रों की संख्या में एक प्रभावशाली वृद्धि हुई है और आजकल आधुनिक यूनानी शिक्षण केंद्र दुनिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा शिक्षा केंद्र है। इसके कई स्नातक आज दुनिया भर में आधुनिक यूनानी और भाषाशास्त्र के शिक्षक, राजनयिक, चर्च संबंधी व्यक्तित्व, प्रसिद्ध वैज्ञानिक, कंपनी के प्रबंधक, व्यापार पेशेवर, सम्मानित कलाकार आदि हैं।

शिक्षण केंद्र आधुनिक यूनानी भाषा के शिक्षण के लिए एक द्वितीय / विदेशी भाषा के अंतर्गत कार्यक्रम के तत्वावधान में है साथ ही इसी तरह के नाम से मास्टर्स डिपार्टमेंट ऑफ फिलोलॉजी और डिपार्टमेंट ऑफ फिलॉसफी, पैडेगोजी  और साइकोलॉजी के मास्टर डिग्री प्रोग्राम हैं।

आधुनिक यूनानी केंद्र के पैडेगोजी उद्देश्य इस प्रकार हैं:

- आधुनिक यूनानी के शिक्षण एक दूसरी / विदेशी भाषा के रूप में
- दूसरी / विदेशी भाषा के रूप में आधुनिक यूनानी के ज्ञान के स्तर का प्रमाण पत्र
- ग्रीक संस्कृति के विभिन्न पहलुओं और विषयों के साथ विदेशियों का परिचय
- आधुनिक यूनानी के शिक्षण एक दूसरी / विदेशी भाषा के रूप में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रम के छात्रों के अभ्यास के लिए।



आधुनिक ग्रीक भाषा शिक्षण केंद्र प्रत्येक माह संग्रहालयों और पुरातात्विक स्थलों की यात्रा का आयोजन करता है, साथ ही ऐतिहासिक महत्व के क्षेत्रों के लिए (सूनियो, डेल्फी, मिकिने, नफ़्प्लियो, एपिडव्रोस) यात्रा का भी।

निर्देशित पर्यटन स्वयं छात्रों के यूनानी ज्ञान के स्तर (शुरुआत, मध्यवर्ती और उन्नत) के अनुसार एक अनुभव है। लिखित और मुद्रित सामग्री, शब्दावली अभ्यास, ऐतिहासिक जानकारी और चर्चाओं के साथ छात्र इन भ्रमण के लिए तैयार कक्षा में किया जाता है इसलिए भ्रमण को मुख्य अध्ययन कार्यक्रम में शामिल किया जाता है। छात्रों को भी संग्रहालयों और पुरातात्विक स्थलों (एक्रोपोलिस, एक्रोपोलिस संग्रहालय, राष्ट्रीय पुरातत्व संग्रहालय, बेनाकि संग्रहालय, आदि) के लिए निर्देशित किया जा सकता है।

## विदेशी भाषा शिक्षण केंद्र

विदेशी भाषा शिक्षण केंद्र सन् 1931 में स्थापित किया गया था और शुरू में यह विश्वविद्यालय क्लब के भाग के रूप में संचालित हुआ। अपनी स्थापना के बाद, केंद्र का मुख्य उद्देश्य विदेशी भाषाओं का शिक्षण कर दिया गया है जो कई सालों तक अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन और इटैलियन जैसी कुछ व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषाओं और बाद में स्पेनिश और रूसी के लिए प्रतिबंधित था। 1994 में यह एक अपने स्वयं के प्रशासनिक बोर्ड द्वारा संचालित पूरी तरह से स्वतंत्र शैक्षणिक इकाई बन गया।

वर्तमान में हमारे विदेशी भाषा शिक्षण केंद्र में तेईस (23) भाषाओं का सभी स्तरों पर अध्ययन किया जा सकता है: अंग्रेजी, अल्बानियाई, अरबी, बल्गेरियाई, फ्रेंच, जर्मन, डैनीश, जापानी, भारतीय (हिंदी - संस्कृत), स्पेनिश, इतालवी, चीनी, कोरियाई, नार्वे, डच, फ़ारसी, पुर्तगाली, रूसी, सर्बियाई, स्वीडिश, तुर्की, चेक और फिनिश।

इसके अलावा विशेष कार्यक्रम, भाषा, अनुवाद, कानूनी या चिकित्सा विज्ञान के विशेषज्ञ होने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए उपलब्ध हैं।



## संग्रहालय

**एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय का इतिहास संग्रहालय**, ए०रा०क०वि० का सांस्कृतिक केंद्र बिंदु है, जो हमारे विश्वविद्यालय के इतिहास को उजागर और साथ ही चिन्हांकित करता है। इतिहास संग्रहालय एक्रोपोलिस पहाड़ी की उत्तरी ढलान पर एक 18वीं सदी के पहले बने नव शास्त्रीय ऐतिहासिक भवन में स्थित था। यह वास्तुकार स्तमातियोस क्लेआन्थिस का निवास स्थान था और बाद में (1837-1841) अवधि के लिए यह "ओथोनियन विश्वविद्यालय" परिसर के रूप में कार्य किया।

सन् 1987 में इतिहास संग्रहालय का उद्घाटन किया गया। संग्रहालय का मिशन एथेंस विश्वविद्यालय और समाज के बीच संबंधों को मजबूत और साथ ही विश्वविद्यालय के इतिहास को उजागर करना है।

इसके संग्रह में पुराने और दुर्लभ पुस्तक संस्करण, पांडुलिपियां, डिप्लोमा, वैज्ञानिक उपकरण, चित्र, फोटोग्राफ, पदक, सीलें और अन्य विश्वविद्यालय के स्मृति चिह्न शामिल हैं। ग्रीस में शिक्षा और अनुसंधान के इतिहास को उजागर करने के लिए कई प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है व सांस्कृतिक और वैज्ञानिक विचार-गोष्ठी आयोजित की जाती हैं, उदाहरण के लिए आवधिक प्रदर्शनी "एथेंस विश्वविद्यालय के बैनर आधुनिक दृश्य दृष्टिकोण"।

इसके अलावा, नाट्य और संगीत प्रदर्शन ग्रीष्म अवधि के दौरान अपने प्रांगण में आयोजित किए जाते हैं। संग्रहालय भी विश्वविद्यालय की विरासत के संरक्षण और वृद्धि के लिए अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेता है। निश्चयात्मक रूप से, यह यूरोपीय नेटवर्क UNIVERSEUM यूरोपीय शैक्षिक विरासत नेटवर्क का एक सदस्य है और 2015 में इसने 16 यूरोपीय देशों से विश्वविद्यालयों की भागीदारी के साथ एथेंस में 16 वीं UNIVERSEUM सम्मेलन आयोजित किया।

ए०रा०क०वि० में भी तेरह (13) विषयगत संग्रहालय हैं, जो विश्वविद्यालय के विशिष्ट विद्यालयों या विभागों से संबंधित है।

### 1. शरीर रचना विज्ञान संग्रहालय / ग़ेओर्ग़ियोस् पपनिकोलाउ का संग्रह

यह सन् 1877 में स्थापित किया गया था। राजा ओथो ने वेबर और मस्कानि के प्रसिद्ध संरचनात्मक तालिकाओं को दान में दिया। वल्समाकिस संग्रह इओनियन अकादमी ने दान में दिया जिसे बाद में संग्रहालय में रखा गया था। संरचनात्मक संग्रहालय में सूखी हड्डियों का एक समृद्ध संग्रह शामिल है, 100 खोपड़ी, मस्तिष्क स्लाइस, एक्षोष्टोसिस के साथ कंकाल, टेढ़ी मेढ़ी और विकृत हड्डियाँ, भ्रूण दरार और विकृतियों के साथ भ्रूण, संवहनी और तंत्रिका तैयारी, फोर्मलिन से बचाकर रखे अंगों उनके वस्क्युलरिज़तिओन और तंत्रिका आपूर्ति के साथ और पुराने शल्य चिकित्सा उपकरणों का एक समृद्ध संग्रह शामिल है।

फरवरी 2014 को ग्रीवा कैंसर स्क्रीनिंग के लिए पैप टेस्ट के आविष्कारक ग़ेओर्ग़ियोस पपनिकोलाउ की 52वीं पुण्यतिथि के रूप में चिन्हित किय गया है। प्रदर्शनों में पपनिकोलाउ के जीवन, उनके पुरस्कार, आखिरी ग्रीक नोट की योजना और उनके चित्रों की दुर्लभ तस्वीरें हैं। प्रदर्शनी के केंद्र में तस्वीरें, पत्र और पपनिकोलाउ के वैज्ञानिक काम के बारे में अन्य दस्तावेज शामिल हैं।



**2. मानव विज्ञान संग्रहालय**

यह 1886 में स्थापित किया गया था और ग्रीस में और यूरोप में भी मानव विज्ञान के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में गिना जाता है। मानव विज्ञान वैज्ञानिक संग्रहालय के संग्रह का मुख्य हिस्सा कंकाल श्रृंखला है जो प्राचीन ग्रीक दुनिया के सभी काल अवधि को सम्मिलित करता है। ये संग्रह महत्वपूर्ण ग्रीक और विदेशी नृविज्ञानियों द्वारा किए गए व्यवस्थित नृविज्ञान अध्ययनों का विषय रहा है, जिन्होंने नृवंशविज्ञान के बुनियादी सिद्धांतों को विकसित किया है, हेलैडीक आबादी का आकार और क्रमगत विकास प्रस्तुत किया है।

**3. अपराध विज्ञान संग्रहालय**

सन् 1932 में स्थापित, यह ग्रीस में पहला विश्वविद्यालय संग्रहालय है जिसे सामान्यतः अपराध विज्ञान और फॉरेंसिक विज्ञान को समर्पित किया गया है। यह 19वीं और 20वीं शताब्दी की शुरूआत के सर्वाधिक कुख्यात अपराधों के महत्वपूर्ण डेटा का समृद्ध श्रोत प्रस्तुत करता है। संग्रहालय में फोरेंसिक दवा और विष विज्ञान, अन्य फोरेंसिक विज्ञान के शोध कर्ताओं के लिए एक बड़ा संग्रह भी है जो अपराधों के अध्ययन और उनके कारणों, प्रभावों और समाजिक प्रभाव पर केंद्रित हैं।

**4. औषध विज्ञान का संग्रहालय**

सन् 1998 में उद्घाटन किया गया, यह संग्रहालय जैव रसायन और औषध विज्ञान में शैक्षिक सामग्री और अनुसंधान उपकरणों को व्यवस्थित करता है।



### 5. दंत चिकित्सा विभाग का संग्रहालय

2013 में जनता के लिए खोला गया था, यह पूर्वी मेडिटेरेनियन क्षेत्र में वस्तुतः एक मात्र संग्रह है। यह ग्रीस में दंत सबूत जुटाने और अध्ययन (रिकॉर्डिंग, प्रलेखन, मूल्यांकन) से संबंधित है। मुख्य प्रदर्शनी हॉल दंत उपकरणों 19वीं सदी से दिनांकित [दन्त ड्रिल, टूथ फासेप्स (चिमटी), शल्य दन्त चिकित्सा में उपयोग किये गए उपकरण, साधन और कृत्रिम दन्त अगों के लिए उपकरण, हाथ से बने दन्त और एक अत्यंत दुर्लभ दन्त इकाई के साथ ही एक दन्त प्रकाश (यन्त्र)] शामिल हैं। इसके अलावा, अभिलेखागार 1916 से संग्रहालय में शामिल किया गया।

### 6. पुरातत्व और कला का इतिहास संग्रहालय

इसे 30वीं दशक की शुरुआत में स्थापित किया गया था। 1988 के बाद से यह दर्शन विज्ञान के स्कूल के परिसर में स्थित है। इसमें 8,800 से ज्यादा प्रदर्शन की चीजें हैं। ये प्रतियां या मूल हैं जिन्हें किसी विशिष्ट समय अवधि के लिए संग्रहालय में दान या उधार दिया गया है। यह एक पूर्णरूप से सुसज्जित रख–रखाव इकाई 2010 से चल रही है।

संग्रहालय अंतर्राष्ट्रीय परिषद (ICOM) का एक सदस्य है और नियमित रूप से अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस और यूरोपीय सांस्कृतिक विरासत दिवस जैसी गतिविधियों में भाग लेता है।

### 7. शिक्षा का संग्रहालय

यह सन् 1993 में स्थापित किया गया और दर्शन, शिक्षाशास्त्र और मनोविज्ञान विभाग के अंतर्गत आता है। संग्रहालय का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में सांस्कृतिक विरासत के अनुसंधान, अध्ययन और संरक्षण हैं। इसकी पहली प्रदर्शनी 2000 में आयोजित की गयी।



## 8. बाइबिल और ईसाई पुरातत्व संग्रहालय

इसकी स्थापना 1969 में की गई थी। यहाँ के संग्रह के महत्वपूर्ण सांचे लूव्र संग्रहालय से लिए गए हैं जिनमें शामिल हैं: हम्बुराबी संहिता, माध्यम के स्तंभ और शल्मनेसेर III का ओबिलिस्क।

## 9. वानस्पतिक संग्रहालय / बॉटनिकल उद्यान

वानस्पतिक संग्रहालय 1868 में स्वतंत्र रूप से कार्य करने लगा। पहले यह एक भौगोलिक संग्रहालय था जिसकी स्थापना 1850 में हुई थी, जिसमें विश्वविद्यालय के वानस्पतिक, प्राणीशास्त्र और खनिज संग्रह शामिल थे।

200 से अधिक प्रकार की प्रजातियों के पौधे इस वानस्पतिक उद्यान में उगाये जाते हैं। 100 से अधिक वर्ष पुराने ऊँचे पाम के वृक्षों के नस्ल (वशिंटोनिअ फिलीफेरा नस्ल (पामे) वहाँ पाए जाते हैं जिनका ऐतिहासिक महत्त्व है। सम्प्रति आम जनता के लिए वानस्पतिक उद्यान बंद है।

## 10. प्राणी विज्ञान संग्रहालय

संग्रहालय के संकलन में ग्रीस और अन्य देशों के स्तनधारियों, पक्षियों, सरीसृप, उभयचर, मछलियाँ समुद्री अकशेरूकीय, घोंघे, कीड़े और अन्य अपरिवर्तक और साथ ही नृविज्ञान संबंधी खोज के निष्कर्ष शामिल हैं। प्रत्येक वर्ष लगभग 10,000 (दस हजार) से ज्यादा लोग संग्रहालय देखने जाते हैं, जिनमे ज्यादातर प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के बच्चे होते हैं।

## 11. खनिज विज्ञान और पेट्रोलॉजी संग्रहालय

खनिज विज्ञान और पेट्रोलॉजी संग्रहालय का मूल संग्रह प्राकृतिक इतिहास सोसाइटी में बनाया गया था जिसे 1835 में एथेंस में स्थापित किया गया था। विश्वविद्यालय ने 1837 में यह संग्रह हासिल कर लिया। विश्वविद्यालय के खनिज़ विज्ञान और पेट्रोलॉजी संग्रहालय की स्थापना 1908 में की गई थी और यह ग्रीस के खनिज और पत्थरों का प्राचीनतम संग्रहालय है। यह 1982 से भूगर्भशास्त्र विभाग का भाग रहा है।

## 12. शारीरिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी संग्रहालय

भवन का स्थापना समारोह 6 जून, 1887 को आयोजित किया गया था और नींव में एक कांच का सिलेंडर रखा गया था जिसमें सोने के ग्रीक सिक्के और एक झिल्ली शामिल थी जिसमें यह लिखा गया था: "वैज्ञानिक कार्य के लिए समर्पित, जिसे आगे देश को समर्पित किया जाना चाहिए"। पुराने संग्रहालय का परिसर विश्वविद्यालय की "प्राचीन रासायनिक प्रयोगशाला" थी। आजकल यह 10,000 से ज्यादा महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपकरणों को संरक्षित करता है। संग्रहालय में स्मिरीनी विश्वविद्यालय के संग्रह भी है, जो कोंस्तन्तिनोस करथेओधोरी ने सुरक्षित किया और बचाकर ग्रीस में लाया। पुनर्निर्मित भवन के एक हिस्से में संग्रहालय का फिर से खुलना अपेक्षित है।



**13. जीवाश्म विज्ञान और भूविज्ञान का संग्रहालय**

जीवाश्म विज्ञान (पेलियेंटोलोजी) और भूविज्ञान के संग्रहालय के संग्रह में पूरे ग्रीस के पशुओं और पौधों के जीवाश्म शामिल हैं, इस प्रकार हमारे देश के भू वैज्ञानिक इतिहास के 300 मीलियन वर्षों से अधिक के इतिहास को शामिल करता यह संग्रह अत्यंत समृद्ध है। इसके नमूने 19 वीं सदी के उत्तरार्ध से संचित किये गए हैं और यह उत्कृष्ट संरक्षण और इसके प्रदर्शन की विशिष्टता के लिए प्रतिष्ठित है। इसमें विदेशों से नमूने माइक्रोप्रैलिटोलॉजिकल और स्ट्रेटिग्राफिक संग्रह, और जीवाश्म विज्ञान पुनर्निर्माण (पलायनविरोन्मेंटल रेकॉन्स्ट्रक्शन) भी शामिल हैं।

अंत में, ए०रा०क०वि० का **ऐतिहासिक संग्रह** 1991 में स्थापित किया गया था और अब विश्वविद्यालय का शोध केंद्र है। ऐतिहासिक संग्रह का उद्देश्य एथेंस विश्वविद्यालय की स्थापना (1837) के बाद से अभिलेखागार को संरक्षित, व्यवस्थित और प्रबंधित करना है। यह सामग्री सामान्य रूप से विश्वविद्यालय और ग्रीक और यूरोपीय इतिहास के इतिहास के अध्ययन के लिए एक अनुसंधान संरचना का गठन करती है। एथेंस के केंद्र में ऐतिहासिक अभिलेखागार परिसर का संग्रह, लगभग बीस लाख (20,00,000) पृष्ठों में उपलब्ध है।

अधिक जानकारी http://en.historymuseum.uoa.gr/athens-universitys-museums.html वेबसाइट से प्रदान की जाती है।





## पुस्तकालय और सूचना केन्द्र

पुस्तकालय और सूचना केंद्र का मिशन विश्वविद्यालय की शैक्षिक और अनुसंधान गतिविधियों को समर्थन और बढ़ाना है, अकादमिक समुदाय को विशेष वैज्ञानिक जानकारी का प्रबंधन और वितरण करना और हर शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधि में भाग लेना है। पुस्तकालय और सूचना केंद्र के संग्रह में लगभग दस लाख (10,00,000) मद (पुस्तकें, पत्रिकाओं, नक्शे, सीडी-रोम, आदि) के शामिल हैं।

आठ केंद्रीय पुस्तकालय, प्रत्येक विश्वविद्यालय के संबंधित स्कूल से संबंधित, संकाय और छात्रों के लिए उपलब्ध हैं। एथेंस विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी लगभग 10,00,000 पुस्तकें और 3,00,000 से अधिक अनुसंधान पत्रिकाओं के साथ ग्रीस में तीन सबसे बड़े पुस्तकालयों में से एक है, राष्ट्रीय पुस्तकालय और थेस्सलोनीकि के अरस्तू विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के साथ।

ए०रा०क०वि० यूनानी अंत: पुस्तक ऋण नेटवर्क का एक सदस्य है। नेटवर्क हेलेनिक अकादमिक पुस्तकालय लिंक के माध्यम से विकसित किया गया था और यह संगठनों के बीच आधिकारिक सहयोग है जो “IRIS” मंच के माध्यम से, ग्रीस और साइप्रस में पुस्तकालयों और सूचना सेवाओं और अंतरपुस्तकालयी ऋण सेवा के संचालन के लिए जिम्मेदार है। इसके अलावा, ब्रिटिश लाइब्रेरी डॉक्यूमेंट सप्लाई सेंटर (BLDSC) और SUBITO, नेशनल डायरेक्शन सेंटर जैसे पुस्तकालयों के साथ सहयोग में, यह अंतर्राष्ट्रीय अनुरोधों को नियंत्रण करता है।



अंततः पुस्तकालय और सूचना केंद्र पेगमोस के तहत एकीकृत संतनी कोष /एथेंस विश्वविद्यालय के डिजिटल ग्रंथागार का प्राणप्रबंध संभालती है, जहाँ डॉक्टरेट, पूर्व स्नातक और परास्नातक के शोध जमा किए जाते हैं। (https://pergamos.lib.uoa.gr/)।

अंत में, विश्वविद्यालय क्लब के दो पुस्तकालय भी संकाय और छात्रों के लिए उपलब्ध हैं।

## कप्निकरेय के चर्च

1932 में कप्निकरेय का चर्च एथेंस विश्वविद्यालय को दिया गया था, जो धर्मशास्त्र के स्कूल से सीधे जुड़ा है।

ग्यारहवीं शताब्दी में निर्मित, यह "वर्जिन मॅरी" और सेंट बारबरा का एक बेजेन्टाइन चर्च है। मूल इमारत क्रॉस के आकार का चर्च है और इसका गुंबद चार रोमन स्तंभों द्वारा समर्थित है।

# 3. सार्वजनिक और अंतर्राष्ट्रीय संबंध

## 3.1. परिचय

सार्वजनिक और अंतर्राष्ट्रीय संबंध विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। हम अपने शोध, नवाचार और सेवाओं के प्रकाशन को बड़ी संख्या में विभिन्न हितधारकों को बढ़ावा देते हैं।

सार्वजनिक और अंतर्राष्ट्रीय संबंध और इतिहास निदेशालय, विश्वविद्यालय की प्रमुखता का केंद्र है क्योंकि यह अपने सभी आंतरिक और बाह्य हितधारकों और दर्शकों को समय पर और उपयोगी जानकारी प्रदान करके अपने गतिशील शैक्षिक, बौद्धिक और सेवा मिशनों का समर्थन करता है। इससे विश्वविद्यालय और उसके नेतृत्व में सांस्कृतिक और शैक्षिक मुद्दों का पूर्वानुमान और प्रबंधन करने में सहायता मिलती है और सार्वजनिक नीतियों की वकालत करती है जो विश्वविद्यालय के रणनीतिक लक्ष्यों और प्रोफाइल को आगे बढ़ाते हैं।

.

विश्वविद्यालय के मिशन के अनुसार हम शैक्षिक कर्मचारियों, शोधकर्ताओं और छात्रों द्वारा आगे किये जाने वाले शैक्षिक प्रयासों के विभिन्न प्रकारों को सम्मिलित करने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। इस तरह के कार्यक्रमों में, दूसरों के बीच, प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों और छात्रों को उत्कृष्टता के पुरस्कार, “होनॉरिस कौसा” माननीय डॉक्टर की उपाधि पुरस्कार, जयन्ती समारोह और वर्षगाँठ, सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य कार्यक्रम और समारोह (संगीत के कार्यक्रम, नाटकीय अभिनय), सम्मेलनों, सेमिनारों, शैक्षणिक रुचि के व्याख्यान हैं।

प्रशासन भी विश्वविद्यालय के स्कूलों और विभागों के साथ मिलकर कार्यों को समन्वित करने के लिए काम करता है जो उच्च शिक्षा के विदेशी संस्थानों के साथ सहयोग, समझौतों की स्थापना करके  अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय संगठनों, संघों और नेटवर्कों में भाग लेना, ERASMUS+ प्रोग्राम आदि में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से विश्वविद्यालय की पहचान, ब्रांड सन्देश और प्रतिष्ठा को बढ़ावा देते हैं।

इसके अतिरिक्त, एक प्रेस कार्यालय स्थानीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकारों के लिए मुख्य संपर्क बिंदु है। विश्वविद्यालय, इसके लोगों और इसके कार्यक्रमों के महत्वपूर्ण मीडिया कवरेज को अधिकतम करने के लिए, प्रेस कार्यालय सूचनाओं के प्रसार को बढ़ाने के लिए पत्रकारों और संपादकों के साथ संबंधों को विकसित करता है, जिससे जानकारी तक पहुंचने के लिए मीडिया की क्षमता को सुगम बनाया जा सकता है। इसके अलावा कार्यालय प्रभावी ढंग से संस्थान का तथा संकाय और छात्रों की उपलब्धियों को संस्था के बाहर और भीतर की जानकारी देती है। प्रेस टीम नियमित समाचार विज्ञप्तियाँ और सामयिक मुद्दों पर चर्चा, अभूतपूर्व  शोध, और दिलचस्प परियोजनाओं पर टिप्पणी करती है।

## 3.2. अंतर्राष्ट्रीयकरण रणनीति, साझेदारी - अंतर्राष्ट्रीय सहयोग समझौते

रेक्टोरल प्राधिकारियों और विश्वविद्यालय के सीनेट द्वारा और अंतर्राष्ट्रीय संबंध समिति और यूरोपीय शैक्षणिक कार्यक्रम के सहयोग से निर्धारित अंतर्राष्ट्रीयकरण एक महत्वपूर्ण रणनीतिक लक्ष्य है। अंतर्राष्ट्रीय अभिविन्यास का उद्देश्य विश्वविद्यालय के उच्च मानक शैक्षिक, अनुसंधान और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और इसके अंतर्राष्ट्रीय प्रोफ़ाइल में सुधार करना है। विश्वविद्यालय दुनिया भर में शैक्षिक संस्थानों, नेटवर्क और संघों के साथ सहयोग करता है और संयुक्त अनुसंधान और विकास गतिविधियों और गतिशीलता माध्यम से अपने छात्रों और शैक्षणिक कर्मचारियों के अंतर्राष्ट्रीय चरित्र को बढ़ाता है। अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय समझौतों में अन्तर्विश्वविद्यालयी साझेदारी को बढ़ावा दिया जाता है जिसका लक्ष्य ज्ञान बांटने, जानकारी का आदान प्रदान करना और विज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, ऐसे समझौते वैज्ञानिकों और छात्रों, प्रशासनिक कर्मचारियों, शोध सामग्री के आदान-प्रदान के लिए और संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं और वैज्ञानिक बैठकों (कार्यशालाओं, संगोष्ठी, सम्मेलनों और अन्य) का संगठन के लिए प्रावधान करते हैं।

सहकर्मी विश्वविद्यालयों के साथ अंतर्राष्ट्रीय द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिनमें सामान्य व उच्च शिक्षा और शोध के समकक्ष संस्थान हैं जैसे CERN (स्विट्जरलैंड), INRIA (फ्रांस) और A*STAR (सिंगापुर)। ए०रा०क०वि० का विश्वव्यापी उनतीस (29) देशों से विश्वविद्यालयों / संस्थानों के साथ तिरसठ (63) सक्रिय एग्रीमेंट हैं।

| देश | संस्थान |
|---|---|
| अर्जेंटीना | Universidad Nacional Del Sur |
| ऑस्ट्रेलिया | Macquarie University |
| बुल्गारिया | Bulgarian Academy of Sciences |
| बुल्गारिया | Sofia University “St. Kliment Ohridsky” |
| कनाडा | University of Montreal |
| कनाडा | York University |
| कनाडा | Simon Fraser University |
| कनाडा | McGill University |
| चीन | Shanghai International Studies University |
| चीन | Beijing Foreign Studies University |
| चीन | China University of Petroleum |
| चीन | Guangdong University of Foreign Studies |
| चीन | Zhejiang University |

| | |
|---|---|
| कोलम्बिया | National Pedagogic University |
| साइप्रस | University of Cyprus |
| साइप्रस | European University Cyprus |
| साइप्रस | University of Nicosia |
| साइप्रस | Neapolis University – Pafos |
| चेक गणराज्य | Charles University in Prague |
| फ्रांस | Université de Lille 1 |
| फ्रांस | Université Paris Diderot-Paris 7 |
| फ्रांस | Université de Lille 3 |
| फ्रांस | Institut National de Recherche en Informatique et en Automatique (INRIA) |
| फ्रांस | Université du Havre |
| जर्मनी | Universität Regensburg |
| जर्मनी | Freie Universität Berlin |
| हंगरी | Eötvos Lorand University |
| ईरान | University of Tehran |
| इटली | University of Rome “ La Sapienza” |
| जापान | Keio University |
| जापान | Ritsumeikan University |
| जापान | Waseda University |
| जॉर्डन | University of Jordan |
| कोरिया | Hankuk University of Foreign Studies |
| कोरिया | Sogang University |
| मेक्सिको | University of Guadalajara |
| न्यूज़ीलैंड | University of Auckland |
| रोमानिया | Alexandru Ioan Cuza University of Iasi |
| रोमानिया | Valahia University of Targoviste |
| रूसी संघ | Lomonosov Moscow State University |
| रूसी संघ | Moscow State Institute of International Relations-MGIMO University |

| | |
|---|---|
| रूसी संघ | Novosibirsk State University |
| रूसी संघ | Moscow Region State University |
| सिंगापुर | Agency for Science, Technology and Research (A*STAR) |
| दक्षिण अफ्रीका | University of Pretoria |
| स्पेन | University of Granada |
| स्पेन | University of Alcala |
| स्विट्ज़रलैंड | Conseil Européen pour la Recherche Nucléaire (CERN) |
| ताइवान | National Chengchi University |
| ताइवान | National Taiwan University |
| तुर्की | Istanbul University |
| तुर्की | Kadir Has Istanbul University |
| तुर्की | Ankara University |
| यूक्रेन | Taras Shevchenko National University of Kyiv |
| यूक्रेन | National Academy of Sciences |
| यूक्रेन | Ivan Franko National University of Lviv |
| यूक्रेन | Borys Grinchenko Kyiv University |
| यूक्रेन | Mariupol State University |
| संयुक्त राज्य अमरीका | Temple University |
| संयुक्त राज्य अमरीका | California State University, Sacramento |
| संयुक्त राज्य अमरीका | University of Kentucky |
| संयुक्त राज्य अमरीका | St. Cloud State University, Minnesota |
| उरुग्वे | University of the Republic (Universidad de la República) |

### 3.3. अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, संघों और विश्वविद्यालय नेटवर्क में भागीदारी

ए०रा०क०वि० अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, संघों और विश्वविद्यालय नेटवर्क में भाग लेता है, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालयों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और उनकी शैक्षिक और अनुसंधान गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए तरीकों और रणनीतियों का विकास करना है।

ए०रा०क०वि० निम्नलिखित विश्वविद्यालय नेटवर्क का एक **संस्थापक** और सक्रिय सदस्य है:
• UNIMED (मेडिटेरेनियन विश्वविद्यालयों का संघ) http://www.uni-med.net और
• UNICA (यूरोप की राजधानियों के विश्वविद्यालयों का नेटवर्क) http://www.unica-network.eu

यह निम्नलिखित छह (6) अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और नेटवर्क में सदस्य है:
• IAU (विश्वविद्यालयों का इंटरनेशनल एसोसिएशन) http://www.iau-aiu.net
• EUA (यूरोपीय विश्वविद्यालय एसोसिएशन) http://www.eua.be
• EAIE (अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के लिए यूरोपीय संघ) http://www.eaie.org
• UNEECC (यूरोप की सांस्कृतिक राजधानियों के विश्वविद्यालय नेटवर्क) http://www.uneecc.org
• IIE (अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान) http://www.iie.org
• BUA (बाल्कन विश्वविद्यालय एसोसिएशन) http://www.baunas.org

इसके अलावा, शैक्षिक इकाइयां (स्कूल और विभाग) और उनके प्रतिनिधि विशेष अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक संगठनों और नेटवर्कों के सक्रिय सदस्य हैं।

1988 से, ए०रा०क०वि० "विश्वविद्यालयों के ग्रेट चार्टर" और मौलिक मूल्यों के अपने बयान के एक हस्ताक्षरकर्ता है।

अंत में, यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि हमारे विश्वविद्यालय के पास दो UNITWIN/UNESCO के चेयर निम्नानुसार हैं:
• सतत विकास प्रबंधन और मेडिटेरेनियन में शिक्षा (MEdIES) पर यूनेस्को चेयर और नेटवर्क (http://unesco-chair.chem.uoa.gr/#UNESCO_Chair_and_Network_on_Sustainable_Development_Management_and_Education_in_the_Mediterranean)
• किशोरों में स्वास्थ्य देखभाल पर यूनेस्को चेयर
(http://www.unesco.org/en/university-twinning-and-networking/access-by-region/europe-and-north-america/greece/unesco-chair-in-adolescent-health-care-909 /)

### 3.4. ईरसमुस प्लस (ईरसमुस+) कार्यक्रम

कार्यक्रम ईरसमुस, अब ईरसमुस+ के रूप के माध्यम से यूरोपीय विश्वविद्यालयों के बीच छात्रों और अकादमिक कर्मचारियों की गतिशीलता के प्राप्ति के संदर्भ में कई वर्षों से ए०रा०क०वि० सबसे आगे रहा है।

ईरसमुस की शुरुआत (1987) के बाद से ए०रा०क०वि० सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भाग ले रहा है। तब से, कुल 5,000 आने वाले छात्रों और 13,000 बहिर्गामी छात्रों को कार्यक्रम में नामांकित किया गया है। ईरसमुस कार्यक्रम के आंकड़ों के मुताबिक, जो शैक्षणिक वर्ष 2013-14 के लिए यूरोपीय आयोग द्वारा प्रकाशित किया गया

है, ए०रा०क०वि० बहिर्गामी छात्रों की संख्या के संबंध में उच्च शिक्षा के सभी यूरोपीय संस्थानों के बीच 41वें स्थान पर है।

हम इस गतिशीलता को प्रोत्साहित करते रहे हैं क्योंकि छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने विविध शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरणों में पढ़ाई या पढ़ाने के दौरान ईरसमुस में भाग लेने वाले मूल्यवान अनुभव प्राप्त किए हैं।

ईरसमुस+ कार्यक्रम द्वारा तैयार गतिशीलता गतिविधियां ए०रा०क०वि० और अन्य यूरोपीय विश्वविद्यालयों के बीच द्विपक्षीय ईरसमुस समझौतों पर आधारित हैं। शैक्षणिक वर्ष 2017-18 के लिए, ए०रा०क०वि० और 31 यूरोपीय देशों के 336 विश्वविद्यालयों के बीच, 655 ईरसमुस समझौते हैं।

इसके अलावा, ईरसमुस+ अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट गतिशीलता के ढांचे के अंतर्गत, ए०रा०क०वि० ने रूसी संघ, इज़राइल, जॉर्डन, यूक्रेन, सर्बिया और जॉर्जिया के विश्वविद्यालयों के साथ नए सहयोग शुरू किये। आने वाले ईरसमुस छात्रों को ए०रा०क०वि० के सभी शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। स्कूल ऑफ फिलॉसफी के तत्वावधान में आधुनिक ग्रीक भाषा शिक्षण केंद्र में नि:शुल्क ग्रीक भाषा पाठ्यक्रमों में भाग लेने की संभावना भी उन्हें प्रदान की जाती है। इसके अलावा, उन्हें "समकालीन ग्रीस: इतिहास, कला और पत्र" शीर्षक अभिनव अंतर्विषयक पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो स्कूल ऑफ फिलॉसॉफी (नाट्य शिक्षण विभाग) के अंतर्गत है।

अंत में, व्यक्तियों की सीखने की गतिशीलता (ईरसमुस+ कुंजी कार्रवाई 1) के अलावा, ए०रा०क०वि० सक्रिय रूप से ईरसमुस+ के अन्य मुख्य कार्यों जैसी कुंजी कार्रवाई में भाग लेता है जैसे कुंजी कार्रवाई 2: "नवाचार और अच्छे व्यवहार के एक्सचेंज के लिए सहयोग" और कुंजी कार्रवाई 3: «नीति सुधार के लिए समर्थन» साथ ही जीन मोननेट और स्पोर्ट के कार्यों में, एक महत्वपूर्ण संख्या में परियोजनाएं हैं, जिसमें ए०रा०क०वि० या तो समन्वय करता है या भाग लेता है।

http://en.interel.uoa.gr/erasmus.html वेबसाइट से अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# 4. अनुसंधान और नूतन प्रयोग

## 4.1. उद्देश्य और रणनीति

ए०रा०क०वि० में हम मूलभूत ज्ञान को आगे बढ़ाने और बेहतर सार्वजनिक नीति, बेहतर स्वास्थ्य परिणाम, आर्थिक समृद्धि, सामाजिक सामंजस्य, अंतर्राष्ट्रीय विकास, सामुदायिक पहचान, कला, संस्कृति और जीवन की गुणवत्ता के आधार पर अनुसंधान के लाभ को अधिकतम करने का लक्ष्य रखते हैं। अनुसंधान और नवाचार शैक्षिक उत्कृष्टता के अभिन्न अंग हैं, जिनके पास अपने क्षेत्र में विश्वनेता बनने की क्षमता है।

हम - ग्रीस में और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर - अग्रणी विश्वविद्यालय नेटवर्क, सार्वजनिक क्षेत्र के निकायों और व्यापार क्षेत्र इकाइयों के साथ व्यापक सहयोग में निवेश करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के हमारे नेटवर्क को विस्तारित करने का लक्ष्य है। ए०रा०क०वि० का लक्ष्य बुनियादी ज्ञान को आगे बढ़ाकर अनुसंधान के लाभ को अधिकतम करना है और दूसरों के बीच योगदान करना, बेहतर सार्वजनिक नीति, बेहतर स्वास्थ्य परिणाम, सामाजिक सामंजस्य और अंत में हमारी प्रतिष्ठा का विकास करना और एक उत्कृष्ट अनुसंधान संस्थान के रूप में हमारी दृश्यता में वृद्धि करना।

अनुसंधान एवं विकास (अ & वि) - व्यक्तिगत और सामूहिक, वित्त पोषित और गैर वित्त पोषित - शैक्षिक समुदाय के लिए एक प्राथमिकता है, इस प्रकार वैज्ञानिक पत्रिकाओं में अनुसंधान परिणामों के प्रकाशन, अकादमिक सम्मेलनों में, पुस्तकों, अध्यायों को सम्पादित करने / मोनोग्राफ / संस्करणों और संपादित संस्करणों व पुस्तक समीक्षाओं आदि में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

ए०रा०क०वि० की अनुसंधान रणनीति में निम्नलिखित मुख्य उद्देश्य हैं:
- सहयोग और अच्छे अभ्यास को साझा करने के लिए हमारे आंतरिक तंत्र को बेहतर बनाना।
- यूरोपीय और अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान परियोजनाओं में समन्वयक या भागीदार के रूप में भाग लेना।
- ग्रीस और विदेशों में अन्य संस्थानों के शोधकर्ताओं के सहयोग से वैज्ञानिक समूहों और विश्वविद्यालय के व्यक्तिगत शोधकर्ताओं द्वारा डॉक्टरेट और पोस्ट डॉक्टरेट स्तर पर अनुसन्धान - परियोजनाओं के कार्यान्विन में योगदान करना।
- व्यापार और उद्योग के साथ हमारी सम्बन्ध बढ़ाने के लिए और पहचान, मानचित्रण, पदोन्नति और अनुसंधान परिणामों के इस्तेमाल, पेटेंट के अधिग्रहण के माध्यम से बौद्धिक संपदा सुरक्षा की सुरक्षा और स्पिन-ऑफ कंपनियों की स्थापना।
- स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों द्वारा शोध कौशल विकसित करने के लिए, उन्हें – अपनी पढ़ाई के भाग के रूप में - प्रयोगशालाओं व / या क्लीनिक में भी अभ्यास करना चाहिए और उनके अध्ययन के क्षेत्र के आधार पर आलेख प्रस्तुतियों, चर्चा, सेमिनार, खुदाई, अंतिम लिखित कार्य आदि के सम्मेलनों में भी भाग लेना चाहिए।


## 4.2. आंकड़ों में रिसर्च

शोध अनुदान के लिए विशेष खाता (SARG), जो अनुसंधान समिति द्वारा निर्देशित है, एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय की सभी परियोजनाओं के प्रबंधन में, प्रशासनिक और वित्तीय स्तर पर, एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

ए०रा०क०वि० में, यूरोपीय अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय फंड हैं इसके साथ ही विकास ढांचे के लिए भागीदारी समझौते की तरह, 2014-2020 (यूरोपीय स्ट्रक्चरल एंड इंवेस्टमेंट फंड- ESIF), होरिज़न 2020, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के निकायों के साथ भागीदारी, कानूनी संस्थाओं और व्यक्तियों को सेवाओं का प्रावधान, अनुदान, दान और अन्य भी वित्त पोषण के मुख्य स्रोत हैं।


पिछले तीन वर्ष की अवधि में, ए०रा०क०वि० के संकाय सदस्यों के पर्यवेक्षण में विभिन्न परियोजनाओं के लिए औसत वार्षिक राजस्व 60 मिलियन यूरो से अधिक था।

निम्न आरेख में वित्त पोषण के स्रोत से होने वाले औसत वार्षिक राजस्व को दर्शाया गया है:





SARG द्वारा प्रबंधित परियोजनाओं की पूर्ति के लिए, प्रति वर्ष लगभग 5,000 से 9,000 तक शोधकर्ता पूरे समय या अंशकालिक काम करते हैं। इन शोधकर्ताओं में, संकाय और विश्वविद्यालय के स्थायी कर्मचारियों के अलावा, युवा शोधकर्ता हैं जैसे पीएचडी छात्र, डॉक्टरेट के बाद के शोधकर्ता आदि - तकनीशियन और अन्य सहायक स्टाफ हैं।

इन परियोजनाओं का वित्त पोषण विश्वविद्यालय की अनुसंधान नीति, युवा वैज्ञानिकों की बेरोजगारी में कमी और हमारे शोधकर्ताओं की प्रतिभा पलायन की कमी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पिछले पांच वर्षों में प्रति वर्ष परियोजनाओं में नियोजित गैर स्थायी कर्मचारियों के बारे में निम्नलिखित आरेख में चिह्नित किया गया है।




वर्तमान में, अनुसंधान अनुदान के लिए विशेष खाता 2,000 से अधिक सक्रिय परियोजनाओं का प्रबंध  करता है। पिछले पांच साल की अवधि के लिए प्रति वर्ष नए अनुमोदित SARG कार्यक्रमों में परिवर्तन की दर निम्न चार्ट में प्रस्तुत की गई है।





## 4.3. विश्वविद्यालय अस्पताल, विश्वविद्यालय क्लीनिक और प्रयोगशालाएं

### विश्वविद्यालय अस्पताल

विश्वविद्यालय अस्पताल, “अरेतेइयो” और “एग़िनीटियो” स्वशासित संस्थान हैं और वे क्रमशः “थ. अरेतेयोस” और “ड. एग़िनीटिस” दाताओं द्वारा एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय को सौंपे गए हैं। अपने उपनियमों के अनुसार वे स्वतंत्र कार्यकारी बोर्ड द्वारा प्रशासित होते हैं और ए०रा०क०वि० के रेक्टर और सीनेट देखरेख करते हैं। उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर और चिकित्सा शिक्षा और नैदानिक शोध के क्षेत्र में विशेष रूप से योगदान करने से, उन्होंने व्यापक मान्यता प्राप्त की है।

“अरेतेइयो” अस्पताल में निम्नलिखित विभाग काम करते हैं:

• सर्जरी का द्वितीय विभाग
• प्रसूति एवं स्त्रीरोग विज्ञान का द्वितीय विभाग
• रेडियोलॉजी का प्रथम विभाग
• एनेस्थिसियोलॉजी का प्रथम विभाग
• न्यूनैटॉलॉजी विभाग
• नेफ्रोलोजी क्लिनिक

और कई समर्थित विभाग, प्रयोगशालाएं और इकाइयां।



“एग़िनीटियो” अस्पताल में निम्नलिखित विभाग काम करते हैं:
• न्यूरोलॉजी का प्रथम विभाग
• मनोरोग का प्रथम विभाग

और कई समर्थन विभाग, प्रयोगशालाएं और इकाइयां।

विश्वविद्यालय के दोनों अस्पताल 100 से अधिक वर्षों के लिए जनता को विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने मेडिकल शिक्षा और नैदानिक अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## स्वास्थ्य विज्ञान के स्कूल के तत्वावधान में अन्य विभाग

स्वास्थ्य विज्ञान के स्कूल के छिहत्तर (76) विभागों में एक संपन्न शैक्षणिक और शोध गतिविधि की जाती है जिसमें नैदानिक अनुसंधान और शिक्षा दी जाती है। वे एथेंस के अस्पतालों (अट्टिकोन, एवगेलिस्मोस, इप्पोक्राटियोन, लइकोन, आदि) में या संबंधित अकादमिक विभाग के परिसर में काम करते हैं। इन्हें निम्नानुसार समन्वित किया जाता है:
• साठ (60) स्कूल ऑफ मेडिसिन द्वारा
• ग्यारह (11) नर्सिंग विभाग द्वारा
• पांच (5) दंत चिकित्सा विभाग द्वारा।



## विश्वविद्यालय प्रयोगशालाएं

एथेंस राष्ट्रीय एवं कपोडीष्ट्रियन विश्वविद्यालय के संकाय, शोधकर्ता और छात्र साल भर अनुसंधान गतिविधियों के लिए समर्पित हैं। विश्वविद्यालय की दो सौ दस (210) प्रयोगशालाएं सभी प्रासंगिक स्कूलों में वितरित किए जाते हैं और वे शैक्षणिक तथा  मौलिक और अनुप्रयुक्त शोध उद्देश्यों की सेवा भी देती हैं।

www.uoa.gr

5 स्टडीउ एवेन्यू, 10562 एथेंस
दूरभाष: 21 0 36.89.374-5, 210 36.89.391